धर्मवीर शर्मा फिर निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

सूरतगढ़, (कासं) राजस्थान पेंशनर समाज सूरतगढ़ के अध्यक्ष पद धर्मवीर शर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुए।

उपकोष अधिकारी एवं निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार शर्मा की देखरेख में रविवार को चुनाव प्रक्रिया पूरी की गई। प्रचार मंत्री सुरजीत सिंह संधा ने बताया कि धर्मवीर शर्मा ने निर्धारित समय में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जिसका प्रस्ताव रमेश चंद्र माथुर ने किया और राजेंद्र सिंह, पुष्पा राजपूत, प्रभुदयाल ओझा, बलराम पारीक व रामनारायण स्वामी ने समर्थन किया। कोई अन्य नामांकन न होने से जांच के बाद धर्मवीर शर्मा को निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया गया।

इस अवसर पर पेंशनर समाज के सदस्यों ने माला पहनाकर और मिठाईयां बांटकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत किया। सदस्यों ने उनके पिछले पांच वर्षों के कार्यकाल की प्रशंसा की। शर्मा ने अपने उद्बोधन में मई के अंतिम सप्ताह में चुनाव कराने के वादे को पूरा करने की बात कही। उन्होंने जिला और राज्य स्तर पर पेंशनरों के हित में किए गए प्रयासों का जिक्र किया और समस्याओं को जीरो टॉलरेंस नीति के तहत हल करने का वादा दोहराया। पेंशनर समाज के लिए भवन व्यवस्था के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। उपकोष अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि उपकोषागार कार्यालय के बाहर गेट लगवाने के बाद भवन आवंटन के लिए पत्र लिखा जा चुका है। जिला स्तर पर कार्यवाही शीघ्र पूरी होने की उम्मीद है। चुनावी कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष धर्मवीर शर्मा ने सभी सदस्यों का विश्वास जताने और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक की जानकारी दी

बीकानेर, (कासं)। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत नापासर, कल्याणसर तथा किलचू सहित अन्य गांवों में आयोजित शिविरों में किसानों को कृषि तकनीक, अनुसंधान और नवाचारों की जानकारी दी गई। इस दौरान कृषि अनुसंधान से विभिन्न संस्थाओं के वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग के पदाधिकारियों ने किसानों को कृषि एवं पशुपालन की विभिन्न उन्नत तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी और किसानों से संवाद किया।

■ **किसानों को बाजरा, मूंग, ग्वार और मोठ की उन्नत तकनीकी के बारे में जानकारी दी और विभिन्न किस्मों के बारे में बताया**

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिक डॉ. एन. एस. नाथावत ने किसानों को आधुनिकतम कृषि तकनीक की जानकारी दी।

वैज्ञानिक डॉ एन. एस. नाथावत ने किसानों को बाजरा, मूंग, ग्वार और मोठ की उन्नत तकनीकी के बारे में जानकारी दी और विभिन्न किस्मों के बारे में बताया। वैज्ञानिक डॉ रूपचंद ने किसानों को शुष्क क्षेत्र में उगाई जाने वाली सब्जियां एवं फलों की उन्नत किस्म एवं उनके उत्पादन में तकनीकी पक्ष के बारे में बताया। कृषि विज्ञान केन्द्र बीकानेर के पौध संरक्षण के विशेषज्ञ डॉ. केशव मेहरा ने शुष्क क्षेत्रों की फसलों में लगने वाले कीट और बीमारियों के बारे में बताया तथा सफेद लट के नियंत्रण के बारे में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि सामुदायिक प्रयास के माध्यम से इस कीट को नियंत्रित किया जा सकता है। कृषि अधिकारी मीनाक्षी पंवार ने किसानों को राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। सहायक कृषि अधिकारी लक्ष्मण सिंह ने किसानों को बागवानी से संबंधित योजनाओं के बारे में बताया।

इस दौरान गीगासर, आंबासर, उदयरामसर, गारबदेसर, कानासर तथा नाथवाणा में भी शिविर आयोजित किए गए। 22 केवाईडी, 25 केवाईसी तथा 2 केडब्लयू एम में भी विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत शिविर आयोजित कर आगामी खरीफ फसलों से जुड़े विषयों पर तकनीकी जानकारी दी गई तथा किसानों की विभिन्न जिज्ञासाओं के प्रत्युत्तर दिए गए। बड़ी संख्या में किसान शिविरों में मौजूद थे।

अनुदानित योजनाओं के बारे में बताया : श्रीगंगानगर में यहां 6 एलएनपी गांव में विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। इसमें कृषि अधिकारी रजनी गुंबर ने कृषि विभाग की विभिन्न अनुदानित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कृषक और वैज्ञानिक संवाद के मुख्य बिन्दु के रूप में मूंग, ग्वार और बीटी कपास फसलों की उन्नत किस्म, इन पर लगने वाले रोग, कीट व उनके नियंत्रण पर विस्तृत चर्चा की गई। सहायक कृषि अधिकारी नेतेवाला ताराचन्द लिम्बा ने किसानों को समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन की जानकारी दी। कृषि विज्ञान केन्द्र पदमपुर के कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर नवल किशोर ने किसानों को खरीफ फसलों विशेष कर मूंग, ग्वार और बीटी कपास की उन्नत कृषि तकनीक पर विस्तृत जानकारी दी। प्रगतिशील किसान दलीप गोदारा, मोहनलाल रणवा, रामकुमार बिश्नोई, बालूराम यादव, खेतपाल, बलदेव सिंह जगतार सिंह, अमिताभ, विकास, प्रेमलाल आदि उपस्थित हुए।

डूंगर कॉलेज में शुरू नहीं होगा एमबीए-एमसीए

बीकानेर, (कासं)। संसाधनों के अभाव में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने राजकीय डूंगर कॉलेज सहित प्रदेश के सात सरकारी कॉलेजों को अभी तक एमबीए और एमसीए कोर्स शुरू करने की अनुमति नहीं दी है। नए सत्र में भी यह दोनों कोर्स शुरू होना संभव नजर नहीं आ रहा।

डूंगर कॉलेज में अगले महीने से स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। एमबीए-एमसीए कोर्स में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को अभी इंतजार करना होगा। दरअसल राज्य सरकार ने पिछले साल बीबीए-बीसीए के साथ ही पीजी लेवल के इन दोनों कोर्स को शुरू करने की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की थी। लेकिन कॉलेज स्तर पर इंफ्रास्ट्रक्चर और स्थाई फैकल्टी नहीं होने के कारण पिछले साल एआईसीटीई से इन कॉलेजों को मान्यता नहीं मिल पाई। उधर कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय ने डूंगर कॉलेज सहित अन्य कॉलेजों के प्राचार्य से एमबीए - एमसीए कोर्स शुरू करने के तहत एआईसीटीई के नॉर्म्स के तहत नवीन संकाय भवन निर्माण के लिए राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड से अनुमानित लागत के मुताबिक तकमीना प्राप्त कर प्रस्ताव आयुक्तालय भिजवाने के निर्देश दिए हैं।

दरअसल एमबीए और एमसीए तकनीकी कोर्स है। इन कोर्स के संचालन के लिए मंजूरी देने से पहले एआईसीटी ने डूंगर सहित अन्य सातों कॉलेज से संसाधनों को लेकर रिपोर्ट मांगी है। कॉलेज स्तर पर संसाधन उपलब्ध होने के बाद ही इन कोर्सों की मंजूरी मिलने की संभावना है।

सार-समाचार

रक्तदान शिविर 15 को

जमीअत उलमा-ए-हिन्द के तत्वावधान में हाफिज सद्दाम ने रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन किया।

बीकानेर, (कासं)। जमीअत उलमा-ए-हिन्द शाखा बीकानेर के तत्वावधान में खाजूवाला यूनिट द्वारा 15 जून को व्यापार मंडल, खाजूवाला में 16 वां रक्तदान शिविर आयोजित किया जायेगा। इस पुनीत सेवा कार्य की तैयारियों को लेकर आज दिनांक 1 जून को हाई ड्रोजन कोचिंग सेंटर, खाजूवाला में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मौलाना मोहम्मद इरशाद कासमी (महासचिव, जमीअत उलमा-ए-हिन्द, बीकानेर) ने की। इस अवसर पर शिविर की रूपरेखा, प्रबंधन एवं प्रचार-प्रसार को लेकर अलग-अलग टीमें बनाकर जिम्मेदारी सौंपी गई। मीटिंग के उपरांत रक्तदान शिविर का औपचारिक पोस्टर विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर जमीअत उलमा-ए-हिन्द खाजूवाला के अध्यक्ष मौलाना फारुक कासमी, एडवोकेट अरशद खिलजी, एडवोकेट सलीम, युसूफ पडिहार, आमीन राठौड़, हाफिज सद्दाम, सिकंदर पडिहार, जहूर हुसैन, कुर्बान अली, अमीन शेख, हाफिज फैयाज, सुभान खान, अब्दुल मजीद, खलील अहमद, बिनयामीन, इस्माइल खान आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। यह शिविर 15 जून को प्रातः 8:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक व्यापार मंडल खाजूवाला में आयोजित किया जायेगा। शिविर में योग्य व इच्छुक रक्तदाताओं से आने और रक्तदान करने की अपील की गई है, जिससे किसी ज़रूरतमंद की जान बचाई जा सके।

गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेजा

श्रीगंगानगर, (कासं)। विदेशी हथियारों और हेरोइन के साथ पकड़े गए आरोपियों की पुलिस रिमांड अवधि खत्म होने के बाद अदालत के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भिजवा दिया गया। इनमें से तीन आरोपियों से जवाहर नगर पुलिस व दो से कोतवाली थाना में पूछताछ चल रही थी। गौरतलब है कि 20 मई को कोतवाली पुलिस ने डीएवी स्कूल के पास देवेंद्र भांभू, सुभाष उर्फ अंकित और सतनाम निवासी श्रीगंगानगर को पकड़ा था। इनसे 4 ग्लॉक व एक जिगाना पिस्टल, 11 मैगजीन, 29 जिंदा कारतूस व 330 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। इसी दिन जवाहर नगर थाना पुलिस ने साहिल निवासी उम्मेवाला व सत्यनारायण निवासी फरसेवाला को 2 ग्लॉक पिस्टल, 2 मैगजीन, 3 कारतूस व एक किलो 853 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा था। पंजाब में भी सफलता हाथ नहीं लगी। पुलिस टीम आरोपियों को लेकर पंजाब भी गई थी। अमृतसर और अन्य जगहों पर सप्लायर्स का पता लगाने की कोशिश की गई लेकिन ज्यादा सफलता हाथ नहीं लगी। सूत्रों के मुताबिक पकड़े गए युवक हेरोइन तस्करी में डिलीवरीमैन की तरह काम करते थे। इन्हें पंजाब पहुंचने पर डिलीवरी की जगह और खेप देने वाले व्यक्ति का हुलिया ही बताया जाता था। ऐसे में पंजाब के सप्लायर्स से आरोपियों का सीधा संपर्क नहीं था। यहां तक कि पंजाब के सप्लायर्स के नंबर भी आरोपियों के पास नहीं मिले।

ट्रैफिक कर्मी व रेहड़ी वाले में झगड़ा

श्रीगंगानगर, (कासं)। ट्रैफिक पुलिसकर्मी और पकौड़ों की रेहड़ी लगाने वाले के बीच हुआ विवाद चर्चा का विषय बना रहा। पकौड़ों की रेहड़ी लगाने वाले व्यक्ति ने एक अन्य युवक के साथ मिलकर ट्रैफिक कर्मी के साथ झगड़ा किया। वर्दी में पुलिसकर्मी के साथ झगड़ रहे दोनों लोगों को अधिकारियों ने बीच-बचाव कर रोका। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ट्रैफिककर्मी रात को रेहड़ी लगाने वाले युवक के पिता की ई-रिक्शा थाना में ले आया था। बताया जा रहा है कि ई-रिक्शा ट्रैफिक बाधित कर रही थी। इससे नाराज रेहड़ी संचालक ने ट्रैफिककर्मी के साथ झगड़ा किया। उसका कहना था कि ट्रैफिककर्मी उसकी रेहड़ी पर मुफ्त में पकौड़े खाता है और उसी के पिता की ई-रिक्शा जब्त कर ले आया। अधिकारियों ने इस बाबत अपने स्तर पर जांच भी की। यह सामने आया कि आरोप लगाने वाला व्यक्ति लम्बे समय से पकौड़ों की रेहड़ी नहीं लगा रहा है। मामले को लेकर दोनों पक्ष कोतवाली थाना में भी पहुंचे थे। हालांकि देर रात तक कोई केस दर्ज नहीं हुआ था।

नौतपा में भीषण गर्मी नहीं पड़ी

श्रीगंगानगर, (कासं)। प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के चलते बार-बार अंधड़, बारिश व ओलों की वजह से इस बार नौतपा में अधिक तपन महसूस नहीं हुई। 25 मई से 31 मई तक इन 7 दिनों में अधिकतम तापमान 46 डिग्री भी नहीं पहुंच सका है। जबकि गत वर्ष 2024 में मई माह में नौतपा के दरमियान अधिकतम तापमान 49.4 डिग्री सेल्सियस चला गया था। वहीं, 25 से 31 मई के बीच तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से अधिक ही दर्ज हुआ था। इस साल 24 मई को साइक्लोनिक रेतीला बवंडर आया, अंधड़ के बाद बूंदाबांदी हुई। इस वजह से तापमान में गिरावट आई। 25 मई को अधिकतम तापमान 44.6 डिग्री था, 26 मई को कम होकर 37.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इसी तरह 27 से 29 मई को नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ। इस वजह से भी तापमान में बढ़ोतरी नहीं हुई। मौसम विभाग के अनुसार 31 मई से 1 जून तक आंधी व बारिश की गतिविधियों में कमी आएगी। पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से 2 व 3 जून के दौरान दोपहर बाद तेज मेघ गर्जन, आंधी व बारिश की होने की संभावना है।

अर्जुनराम मेघवाल आज आयेंगे

बीकानेर, (कासं)। केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल सोमवार को प्रातः 10:10 बजे दिल्ली एयरपोर्ट से प्रस्थान कर प्रातः 11:15 बजे नाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे। मेघवाल बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय में लैब उद्घाटन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके बाद वे रात्रि 8:20 बजे नाल एयरपोर्ट से प्रस्थान कर रात्रि 11:05 बजे पर दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचेंगे।

महिला थाने में कबाड़ हो रहा दहेज का करोड़ों का सामान

बीकानेर, (कासं)। कभी किसी बाप ने खून-पसीना बहाकर बेटी की विदाई की थी। हाथों में मंगलसूत्र, गहनों की थाली और बक्सों में भरकर वह सब कुछ दिया जो एक नए जीवन के लिए जरूरी समझा गया। आज वही दहेज का सामान बीकानेर के महिला थाने में धूल खा रहा है।

बरसात और धूप में खराब हो चुका वह सामान, अब एक टूटे हुए रिश्ते की तस्वीर नहीं, बल्कि एक जिंदा सामाजिक विफलता का प्रतीक बन गया है। सूत्रों के अनुसार इस सामान की कीमत एक करोड़ से ज्यादा हो सकती है। महिला थाने में वर्षों से दहेज प्रताड़ना से जुड़े मामलों का सामान ऐसे बिखरा पड़ा है। मानो यह किसी की जिंदगी नहीं बल्कि पुरानी चीजों का कबाड़ हो। हाल ही में थाने में एक टीनशेड का गोदाम बनाया गया है, जहां अब इसे थोड़ी सुरक्षा मिल रही है।

■ **महिला थाने में वर्षों से दहेज प्रताड़ना से जुड़े मामलों का सामान तारीखों में फंसने से पड़ा है**

यह सुविधा उन सालों की भरपाई नहीं कर सकती। जब यह सामान खुले में पड़ा-पड़ा गलता रहा।

वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेष गुप्ता ने बताया कि इन केसों के पीछे सिर्फ हिंसा या दहेज ही नहीं है, अब जीवनशैली में बदलाव भी बड़ा कारण है। बहुएं संयुक्त परिवार में रहना नहीं चाहती, सास पर शक, पीहर से अधिक लगाव और सोशल मीडिया पर जरूरत से ज्यादा सक्रियता, ये भी कई बार विवाद की वजह बनते हैं। घर टूटने के पीछे स्त्रीधन को लेकर अधिकार की लड़ाई भी अहम हो चुकी है। सास रखेगी या बह इस सवाल पर भी घर बिखर रहे हैं। पति-पत्नी के बीच संवाद का अभाव और बाहरी हस्तक्षेप (दोस्त, पीहर, पड़ौसी) छोटी बात को बड़ा बना देता है। एक्सपर्ट का मानना है कि फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए जाने चाहिए जहां दहेज व महिला उत्पीड़न के केसों को तीन से छह माह में निपटाने का प्रयास किया जाए।

कई सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि विवाह के पूर्व दोनों पक्षों की काउंसलिंग की जाए जिससे भविष्य में विवाद की संभावनाएं घटें। काउंसलिंग सेल की भूमिका और प्रभाव को मजबूत किया जाए ताकि तलाक से पहले रिश्तों को सुधारा जा सके। थानों में पुराने मामलों में भी स्त्रीधन पीडिता को लौटाने की प्रक्रिया तेज की जाए। वर्षों से धूल खा रहे लगभग एक करोड़ के दहेज के सामान को लौटाना अब इंसाफ से ज्यादा इंसानियत का सवाल है।

शांति भंग में पांच गिरफ्तार

अनूपगढ़, (कासं)। पुलिस ने शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दो अलग-अलग मामलों में पांच आरोपियों को आज गिरफ्तार किया। पहले मामले में एक निजी कोचिंग सेंटर पर झगड़े की सूचना मिलने पर हैड कांस्टेबल शेर सिंह ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में शांति भंग के मामले में हरभजन सिंह और कुलदीप सिंह (दोनों मलकीत सिंह के पुत्र) तथा जसवीर सिंह (सोहन सिंह का पुत्र) शामिल हैं। तीनों 4 एसपीएस सलेमपुरा के निवासी हैं। दूसरे मामले में बांडा कॉलोनी चौकी प्रभारी एएसआई कालूराम ने चक 9 एलएसएम में झगड़ा करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें भजनलाल (नत्थूराम का पुत्र) और जोगेंद्र सिंह (भाग सिंह का पुत्र) शामिल हैं। दोनों 9 एलएसएम अनूपगढ़ के रहने वाले हैं। थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने चेतावनी दी है कि क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करेगा, तो उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जायेगी।

राज्यपाल और विधानसभा अध्यक्ष आज बीकानेर में

बीकानेर, (कासं)। राज्यपाल हरि भाऊ बागडे 2 जून को प्रातः 11:15 बजे भीलवाड़ा से हवाई मार्ग द्वारा रवाना होकर दोपहर 12:45 बजे नाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे। बागडे यहां से दोपहर 12:50 बजे रवाना होकर दोपहर 1:10 बजे बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय पहुंचेंगे तथा यहां दोपहर 2 बजे से आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे।

राज्यपाल इसी दिन सायं 4:10 बजे नाल एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे तथा सायं 4:30 बजे नाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे। राज्यपाल सायं 4.35 बजे नाल से हवाई मार्ग द्वारा जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी रविवार को रात्रि 10:15 बजे राजकीय वाहन द्वारा बीकानेर पहुंचें। देवनानी रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष सोमवार को प्रातः 11:15 बजे बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। दोपहर 3 बजे शिक्षा निदेशालय में प्रारंभिक और माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के अधिकारियों के साथ चर्चा और अवलोकन करेंगे। वे रात्रि 8:20 बजे बीकानेर से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा रविवार को राजकीय वाहन से सायं 6:30 बजे बीकानेर सर्किट हाउस पहुंचे। डॉ. बैरवा भी दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे।

■ **राज्यपाल, विधानसभा अध्यक्ष व उपमुख्यमंत्री बैरवा बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे**

तीन दिन से नागणेची मंदिर की लिफ्ट खराब

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर वासियों की आस्था से जुड़ा देवस्थान विभाग अधिग्रहित एक प्रसिद्ध शक्तिपीठ माताजी का मंदिर श्री नागणेची मंदिर की तीन दिन से लिफ्ट खराब होने से बुजुर्ग श्रद्धालु परेशान हैं।

जहां श्रद्धालु भक्ति भाव से दूर दूर से सुबह शाम माता श्री नागणेची के दर्शन करने को आते हैं। ऊंचाई पर होने के कारण इस मंदिर में माता के निज मंदिर तक पहुंचने के लिए सीढियों से अथवा लिफ्ट से जाने का रास्ता है। लिफ्ट पिछले तीन दिन से बंद है और सीढियों के रास्ते जाकर बड़े बुजुर्ग, दिव्यांग, महिलाओं और हार्ट की बीमारी से जुड़े मरीजों के लिए माता के दर्शन कर पाना बहुत मुश्किल है। सीढ़ियां चढ़ते हुए इनका सांस भर आता है। इधर लिफ्ट खराब होने से लिफ्ट के बंद दरवाजे की ओर देखकर नियमित आने वाले ये श्रद्धालु बाहर से ही ध्वजा के दर्शन करके लौट जाते है।

■ **बुजुर्ग, दिव्यांग, महिलाओं और हार्ट की बीमारी से जुड़े मरीज परेशान**

मंदिर में माता की आरती दर्शन करने के लिए आने वाले नियमित वरिष्ठ श्रद्धालु बाबूलाल अग्रवाल, जगदीश पुरोहित का कहना है कि लिफ्ट खराब होने के कारण वह शाम की आरती में माता के दर्शन नहीं कर पा रहे। नवरात्रि के बाद से ही मंदिर में लगी लिफ्ट चलती चलती खराब हो जाती है।

देवकिशन व्यास पारीक समाज के अध्यक्ष बने

नोखा, (कासं)। पारीक भवन में 1 जून को पारीक समाज के अध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न हुआ। गोपी किशन तिवाड़ी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में देवकिशन व्यास को सर्वसम्मति से नया अध्यक्ष चुना गया।

इस अवसर पर समाज के कई प्रमुख सदस्य मौजूद रहे। इनमें गिरधारी पारीक, सीताराम तिवाड़ी, मनीराम जोशी और हनुमान व्यास शामिल थे। गणेश प्रसाद तिवाड़ी, बजरंग पारीक और सत्यनारायण बोहरा ने भी बैठक में हिस्सा लिया। महावीर व्यास, गंगाराम पांडिया और शिवरतन व्यास के अलावा ओमप्रकाश तिवाड़ी, विकाश तिवाड़ी, रमेश तिवाड़ी, ओमप्रकाश पांडिया, श्याम सुंदर पारीक, लालचंद तिवाड़ी, महावीर बोहरा उपस्थित थे।

जैड नहर की बी माइनर में पानी चोरी का मामला दर्ज

श्रीगंगानगर, (कासं)। जैड नहर की बी माइनर में पानी चोरी का मामला सामने आया है। नहर अध्यक्ष की ओर से एक ही परिवार के तीन-चार भाईयों पर सदर थाने में 31 मई को मामला दर्ज करवाया है।

हैड कांस्टेबल निहालचंद को मामले की जांच दी गई है। जैड नहर के अध्यक्ष 5 वी छोटी निवासी गुरपरमसिंह जट सिख ने परिवाद में बताया है कि एक बी प्रथम मोघी से किसान राजेश तंवर, विनोद तंवर पुत्र हरिसिंह और सतीश कुमार पुत्र श्योराम सिंह के खेत में चोरी करके सिंचाई की गई है। इस संबंध में नहर अध्यक्ष को साहिबसिंहवाला के पूर्व सरपंच अंग्रेज सिंह ने फोन करके 30 मई की शाम करीब 4 बजे इस पानी चोरी के बारे में बताया गया था। नहर अध्यक्ष ने 31 मई को किसान अंग्रेज सिंह, सिंचाई जेईएन रामनिवास मीणा, किसान जगतार सिंह, हरबंससिंह, पिंदरसिंह, हरगोविंद सिंह आदि के साथ मौका मुआयना किया। तब सामने आया कि किसान सुभाष व सतीश के खेत में पानी लगा हुआ है। करीब ढाई बीघा में सिंचाई की हुई पाई गई। आरोपियों 5 बी निवासी सतीश, सुभाष व राहुल आदि ने नहर एक बी प्रथम से पानी चोरी कर अपने खेत में लगाया है। सदर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

■ **खेत में दोनों तरीके से सिंचाई होते पकड़ी चोरी, केस दर्ज कराया**

साहिबसिंहवाला के पूर्व सरपंच अंग्रेज सिंह बराड़ ने बताया कि शाम को किसानों ने पानी चोरी पकड़ी। तब सिंचाई जेईएन रामनिवास मीणा को मौके पर बुला लिया गया। एक्सईएन और एईएन अवकाश पर थे। जेईएन के पास मुकदमा दर्ज करवाने का अधिकार नहीं था। इस पर किसानों ने सादुलशहर विधायक गुरवीर बराड़ के सामने मामला रखा। विधायक के हस्तक्षेप के बाद नहर अध्यक्ष के परिवाद पर सदर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। किसानों ने सदर थाना पुलिस को मौके पर बुलाकर दिखा दिया था।

खेलकूद व संस्कार शिविर में पक्षियों के लिए पेड़ों पर पालसिए बांधे

बीकानेर, (कासं)। एम.एम. ग्राउंड में चल रहे निःशुल्क योग एवं खेलकूद संस्कार शिविर के अंतर्गत आज एक विशेष आयोजन आयोजित किया गया जिसमें बच्चों को पक्षियों के लिए पानी और दाना रखने पालसियों का वितरण किया गया।

यह शिविर ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान सभी वर्गों के विद्यार्थियों एवं बच्चों के लिए पूर्णतः निःशुल्क आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर 25 जून तक निःशुल्क चलेगा। इसका उद्देश्य बच्चों को शारीरिक, मानसिक और नैतिक रूप से जागरूक बनाना है। शिविर में योग अभ्यास के साथ-साथ बच्चों को पर्यावरण, अनुशासन और सेवा के संस्कार भी दिए जा रहे हैं।

योग एवं खेलकूद व संस्कार शिविर में बच्चों को पक्षियों के लिए पानी और दाना रखने के लिए पालसियों का वितरण किया।

आज के आयोजन में पतंजलि योग समिति एवं युवा भारत के कार्यकर्ता सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। मनोवैज्ञानिक व समाज सेविका डॉ. अनुराधा पारीक मुख्य अतिथि रहीं, जिन्होंने बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य, संतुलित दिनचर्या और सकारात्मक सोच पर मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बच्चों से संवाद कर आत्मविश्वास व आत्म अनुशासन को विकसित करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर मनोवैज्ञानिक समाज सेविका अनुराधा पारीक का अभिनंदन भी किया गया।

■ **शिविर में योग के साथ बच्चों को पर्यावरण, अनुशासन और सेवा के संस्कार भी दिए जा रहे हैं**

पालसियों के वितरण के दौरान मनोवैज्ञानिक व समाज सेविका अनुराधा पारीक भी कार्यक्रम में सम्मिलित रही। उसके बाद बच्चों ने वितरण पॉलसियों को पेड़ों पर स्वयं लगाकर पक्षियों के प्रति अपने दायित्व का उदाहरण प्रस्तुत किया। जिससे उनके भीतर प्रकृति के प्रति प्रेम और सेवा की भावना जागृत होती है। कार्यक्रम में वरिष्ठ योग शिक्षक नरेन्द्र सुथार, प्रभारी भवानीशंकर सांखला, विजय किराडू, विकास जोशी, कैलाश स्वामी, ऋतु जोशी आदि मौजूद थे।

भारतीय मजदूर संघ का 'मेरा घर बीएमएस घर कार्यक्रम'

बीकानेर, (कासं)। भारतीय मजदूर संघ जिला बीकानेर कार्यसमिति बैठक आज जिला शिक्षा अधिकारी सभागार में आयोजित की गई।

जिला मंत्री दीपक चतुर्वेदी ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रेखा पंडित ने की। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष गौरीशंकर व्यास उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम श्रमिक गीत कर भारत माता भगवान विश्वकर्मा और दत्तोपंत ठेंगड़ी के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम शुरू किया गया। गौरीशंकर व्यास द्वारा बीएमएस 70 के दौरान हुए कार्यक्रमों की समीक्षा रिपोर्ट लेते हुवे असंगठित क्षेत्र में कुल 5 नई यूनियन का पंजीयन का लक्ष्य पूरा करने को कहा गया तथा भारतीय मजदूर संघ के 70 वर्ष पूर्ण होने के तहत चल रहे बीएमएस 70 समापन कार्यक्रम में 24 जुलाई को बीकानेर जिले में 500 कार्यकर्ताओं की रैली का आयोजन रखा गया। रैली से पूर्व बीकानेर के सभी सर्किल पर बीएमएस का झंडा लगाने की योजना बनाई गई। साथ ही बताया कि भारतीय मजदूर संघ के 6 उत्सव को प्रत्येक इकाई को पूरे उत्साह से सम्पन्न करना चाहिए। आगामी 17 सितम्बर विश्वकर्मा जयंती पर सभी तहसीलों में रैली का आयोजन करने की रूपरेखा बनाई गई। साथ ही जुलाई में मेरा घर बीएमएस घर कार्यक्रम के तहत 23 जुलाई स्थापना दिवस पर बीकानेर में सभी कार्यकर्ताओं के यहां भारतीय मजदूर संघ का झंडा लगे की योजना बनाई गई।

भारतीय मजदूर संघ के जुलाई में होने वाले 'मेरा घर बीएमएस घर कार्यक्रम' को लेकर गौरीशंकर व्यास व रेखा पंडित ने बैठक ली।